# 200 करोड़ की लागत से बनेगा जे.एल.एन. में सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल : देवनानी

## मर कर भी जिन्दा रहना है तो करें अंगदान : देवनानी

- बजट में अजमेर को मिली 1500 करोड़ रूपये की सौगातें
- अस्पताल में स्पीकर हैल्थ डेस्क का शुभारंभ, मरीज व परिजनों को मिलेगा सम्पूर्ण मार्गदर्शन

**जयपुर/अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि मर कर भी जिंदा रहना है तो हमें अंगदान करना चाहिए। आज देश में हृदय, लीवर, किडनी और आंखों सहित अन्य अंगों की वास्तविक मांग के मुकाबले उपलब्धता बहुत कम है। हमें अपनी सोच को बदलना होगा। जिस तरह रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उसी तरह अंगदान का महत्व भी आमजन को समझना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को अजमेर के राजकीय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में अंगदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। यहां उन्होंने विशेष रूप से बनाई गई विधानसभा अध्यक्ष हैल्प डेस्क का शुभारम्भ किया। अस्पताल में नवीन लैब का शुभारम्भ एवं एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि समाज को अंगदान के प्रति सोच को बदलना होगा। जिस तरह रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। आमजन स्वप्रेरित होकर रक्तदान कर रहा है। उसी तरह हमें अंगदान को भी ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करना होगा। एक व्यक्ति स्वयं तो अंगदान का संकल्प लें ही रहा है, साथ ही दूसरों को भी अंगदान के लिए प्रोत्साहित करें।


जेएलएन अस्पताल में हेल्प डेस्क का शुभारंभ करते देवनानी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर हार्ट, लीवर, किडनी, आंखे, पैनक्रियाज व अन्य अंगों की मांग काफी ज्यादा है, जबकि उपलब्धता बहुत सीमित। प्रति वर्ष दो लाख किडनियों की आवश्यकता होती है। इनकी तुलना में महज वर्ष 2022 में 11522 किडनी ही जरूरतमंदों को उपलब्ध हो सकी। इसी तरह 30 से 50 हजार हार्ट और लीवर की मांग की तुलना में उपलब्धता बहुत सीमित है। अंगदान को लेकर आमजन में कई तरह की भ्रांतियां है, हमें इन भ्रांतियों को दूर करना होगा। तेलंगाना, तमिलनाडु और कई राज्यों में अंगदान का प्रतिशत बहुत अच्छा है। राजस्थान को भी इस दिशा में आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंगदान की विधिक प्रक्रिया बहुत जटिल है। इसे सरल बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर, आने वाले समय में बहुत तेजी से आगे बढ़ने वाला है। यहां कई सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में 200 करोड़ रूपये की लागत से सुपर स्पिेस्लिटी सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। टीबी अस्पताल वाली जगह पर सुपर स्पिेस्लिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। इसे आधुनिकतम सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य बजट में अजमेर को सरकार ने बहुत ही सौगातें दी है। अजमेर को बजट में करीब 1500 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए है। अजमेर में पेयजल, आयुर्वेद यूनिर्वसिटी, स्त्पोर्ट्स कॉलेज, आईटी पार्क, सैटेलाइट अस्पताल, सड़क विकास और ऐसी ही सुविधाओं पर सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे।

## स्कॉर्पियो लेकर भागे युवक को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र में स्थित एक कार बाजार से ट्रायल के बहाने स्कॉर्पियो लेकर भागे बिजौलियां के एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपित ने मौज-शौक के लिए ही इस वारदात को अंजाम दिया।

सदर थाना पुलिस ने बताया कि मुकेश खटीक के ईरांस स्थित नाकोड़ा कार बाजार पर गुरुवार शाम को एक युवक स्कॉर्पियो खरीदने के बहाने आया। उसने कार बाजार पर खड़ी स्कॉर्पियो की ट्रायल लेने की बात कही। ट्रायल के बहाने यह युवक स्कॉर्पियो को भगा ले गया। मुकेश की रिपोर्ट पर स्कॉर्पियो चोरी का मामला दर्ज कर जांच दीवान रोहिताश के जिम्मे की गई। उधर, थाना प्रभारी उगमाराम के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

इस टीम ने बिजौलियां पुलिस की मदद से चोरी की स्कॉर्पियो बरामद कर चंद्रवीर सिंह (24) को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया वह भीलवाड़ा में ही फैक्ट्री में काम कर चुका है। इसके बाद उसने होटल खोली, जिसमें उसे घाटा लगा। आरोपित ने मौज-शौक के लिए यह वारदात करना स्वीकार किया है।

## झरनेश्वर मंदिर पर आज आएगी कावड़ यात्रा

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में हिंदू मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे की मिसाल कहीं और देखने को नहीं मिलती। रविवार को भोले के भक्तों की कावड़ यात्रा पुष्कर से अंदरकोटर स्थित झरनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। ऐसे में भक्तों के रास्ते में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं हो, इसके लिए क्षेत्र के मुस्लिम नौजवानों ने शनिवार से ही रास्ते की साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया।

कावड़ यात्रा जिस मार्ग से होकर मंदिर पहुंचेगी, उस रास्ते के दोनों ओर बबूल के पेड़ की झाडियां राहगीरों के सिर से टकरा रही थीं। सबसे बुरा हाल ढाई दिन के झौंपड़े के सामने से होकर मंदिर तक पहुंचने वाले रास्ते पर घनी झाडियों के कारण उत्पन्न हो रहा था। इस कारण भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या का समाधान स्थानीय न ही पार्षद और न ही उसके प्रतिनिधि कर पाए। आखिरकारक्षेत्र के मुस्लिम युवाओं ने ही साफ सफाई का बीड़ा उठा लिया। कावड़ यात्रा से एक दिन पूर्व शनिवार को मुस्लिम नौजवानों ने कटर की सहायता से झरनेश्वर मंदिर की सीढियों के आस पास से झाडियों को साफ कर रास्ते को स्वचछ बना दिया ताकि रविवार के दिन कावड़ यात्रा में शामिल भक्तों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। यही कारण है कि अजमेर की कौती एकता बेमिसाल है। उर्स के दौरान जुमे की नमाज के दौरान भी नला बाजार, दरगाह बाजार के व्यापारी नमाजियों के लिए विशेष व्यवस्था करते हैं।

## इंदिरा कॉलोनी में सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बिजयनगर,** (निसं)। सेवा भारती बिजयनगर की बस्ती इन्द्रा कॉलोनी में एन आर कोगटा चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया !सेवा भारती जिला सह मंत्री लोकेश कुमार वर्मा ने बताया कि मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र परप्रशिक्षणदिया जा रहा है। मातृशक्ति सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनेगी।

इस अवसर पर भामाशाह बालमुकुंद कोगटा, अध्यक्ष लक्ष्मण लाल शर्मा, मंत्री सूर्य प्रकाश बघेरवाल, कोषाध्यक्ष एल. एन. शर्मा, हेमराज शर्मा, प्रकल्प शिक्षिका, पूजा शर्मा, पूजा लौहार सहित प्रशिक्षण लेने हेतु मातृशक्ति उपस्थित रही।

## मीरा महोत्सव में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री देंगे हाजरी

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। विश्व ऐतिहासिक मीरा जयंती महोत्सव को लेकर कार्य जोरों से चल रहा हैं। आगामी 10 अगस्त से शुरू होने वाले सात दिवसीय मीरा जयंती महोत्सव को लेकर आगामी रूप रेखा बनाई जा रही हैं। महोत्सव में पदाधिकारी रामेश्वर थिरोदा ने बताया कि आगामी 10 अगस्त से मीरा महोत्सव शुरू होने जा रहा हे जिसको लेकर मंदिर में रंग रोशन का कार्य किया जा रहा हैं। वही महोत्सव में राजस्थान सरकार के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के आने का कार्यक्रम हे जिसको लेकर शनिवार को चारभुजा मंदिर में बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि के स्वागत और अन्य तेयारियो को लेकर चर्चा की गई। महोत्सव में कई बड़े नेता भी शामिल होंगे। महोत्सव में कई पदाधिकारियों को जिमेंदारिया सोपी गई। इस मौके पर सचिव नरेंद्र लाहोटी, पुखराज कमेडिय, कैलाश पुजारी, धर्मीचंद सोनी, श्याम बोराणा, कैलाश जांगिड, महेश सेन, रामेश्वर घांची, दीपक सार्डिवाल, रणजीत वैष्णव, सोनू पुजारी, सजीव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।


मीरा महोत्सव को लेकर बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## मछलियां पकडने के लिए जान जोखिम में डाल रहे

**अजमेर,** (कासं)। आनासागर के एस्केप चैनल के गेट खुले होने के कारण उससे बहकर आ रही मछलियां बच्चे और युवा जान जोखिम में डालकर पकड़ रहे है। इससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। आनासागर में मछली पालन किया जाता है। आनासागर ओवरफ्लो होने के कारण बारिश का दौर चलने से पहले से ही चैनल गेट खोले जा चुके है। वर्तमान में चैनल गेट खुले हुए है। ऐसे में प्रतिदिन हजारों गैलन पानी की निकाली एस्कैप चैनल के माध्मय से हो रही है। उक्त पानी के साथ मछलियां भी बहकर एस्केप चैनल और नाले में पहुंच रही है। इसके कारण कुछ पैसों के लालच में युवा और बच्चे आनासागर से निकलने वाले नाले में कचहरी रोड पर, तोपदड़ा और अलवर गेट सहित कई जगह पर मछली पकड़ रहे है। पानी का बहाव तेज होने से कारण गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद है।

## वाल्मिकी समाज बंधुओं की मांगो को मानने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। कांग्रेस पार्षद नगर निगम अजमेर ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार, जयपुर के नाम का ज्ञापन माननीय जिलाधीश महोदय जिला अजमेर को ईमेल के माध्यम से वाल्मिकी समाज बंधुओं की माँगो को मानने हेतु मांग की।

पार्षद जनसेवक नरेश सत्यावना ने बताया कि विगत कई दिनो से अजमेर सहित प्रदेश भर में सफाई अव्यवस्था बनी हुई है जिसके कारण महामारी फैलने का अंदेशा हो गया है। वाल्मिकी समाज के द्वारा प्रदेश व्यापी हड़ताल की जा रही है साथ ही पूरे प्रदेश में बरसात के कारण कचरे से दुर्गंध बदबू के कारण गंदगी व वर्षा जनित महामारी फैलने का अंदेशा बन गया है। बाजारो, घरो, कार्यालयों आदि में जगह जगह गंदा कचरा इकट्ठा हो गया है जिसमें जानवर इन कचरो को ओर फैला देते है व गंदगी पूरे शहर में फैल जाती है जिससे आमजन बहुत हैरान व परेशान हो रहा है।

मुख्यमंत्री से यह मांग की गई है कि अजमेर सहित प्रदेश व्यापी वाल्मिकी समाज बंधुओं की माँगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सफाई भर्ती में उनकी मांगो को मान कर लागू करने की घोषणा की जानी चाहिये जिससे वाल्मिकी समाज बंधुओं की हड़ताइ समाप्त हो एवं शहर व प्रदेश की सफाई व्यवस्था सुचारू हो।

कांग्रेस पार्षदगण ने यह चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही उचित कार्यवाही अंजाम में नहीं लाई गई तो कांग्रेस पार्षदगण सरकार के खिलाफ उठा प्रदर्शन करेगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

मांग करने वालो में पार्षद जनसेवक नरेश सत्यावना, पार्षद श्याम प्रजापति, गजेंद्र रलावता, मनीष सेठी, हामिद चीता, सुनील धानका, कुशाल कोमल, नकुल खंडेलवाल, पिंकी बालोठिया, कपिल सारस्वत, गीता लखन, चंचल बेरवाल, हितेश्वरी टॉक, शाहजहां बीवी, अनीता चौरसिया, बनवारी लाल शर्मा रहे।

## महिला से ठगी करने वाले शातिर गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। बीते दिनों एक महिला से सोने के कंगन ठगने वाला शातिर शनिवार को क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने के कंगन भी बरामद कर लिए हैं। आरोपी मध्य प्रदेश का रहने वाला है, तीन माह से मदार इलाके में छिपकर रहा रहा था। गिरफ्तार युवक से कई और वारदातें खुलने की संभावना है।

क्रिश्चियनगंज थाने के हैड कांस्टेबल श्रीकिशन ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली महिला सुनीता जैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह घर के बाहर खड़ी थी। एक अज्ञात युवक आया और उसने झांसा देकर सोने के कंगन उतरवा लिए। कंगन लेने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच घटना स्थल का मौका मुआयना किया। मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। आरोपी युवक ने पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम करार खान उर्फ सोहेल बताया। उसने महिला को झांसा देकर कंगन चुराने की बातस्वीकार की।

## कलाकारो की मधुर स्मृति में संगीत संध्या का हुआ आयोजन

- मुकेश, किशोर व मोहम्मद रफी की स्मृती में संगीत संध्या का आयोजन हुआ

**अजमेर,** (कासं)। कला व संगीत को समर्पित संस्था गाता रहे मेरा दिल के तत्वावधान में स्व मुकेश, स्व किशोर व स्व मोहम्मद रफी की मधुर स्मृती में दिल ने फिर याद किया संगीत संध्या का आयोजन हुआ।

संयोजक अरविन्द शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध करवेता निरंजन महावर ने कहा कि अच्छा संगीत कई बीमारियों के उपचार में लाभकारी होता है, यह आधुनिक विज्ञान ने भी माना है। कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल पाराशर ने लाल छड़ी मैदान खड़ी, अरविन्द शुक्ला ने देख के तुम दिल डोला है, महेश लौंगानी व चंदा भोजवानी ने साथिया नहीं जाना, नीरज जैन प्रीति जैन ने मैना भूलूंगा मैना भूलूंगी, राजेश भटनागर व मनस्वी सकसेना ने इतना तो याद है मुझे, महेन्द्र जैन मित्तल व ज्योत्सना जैन मित्तल ने फूल तुम्हे भेजा है खत में, सोहन सिंह ने जीना यहां मरना यहाँ, ओपी चाष्टा ने गुजरे है आज इश्क में, अरविन्द मिश्रा ने मैं निगाहे तेरे चहरे से हटाऊँ कैसे, राजेन्द्र सोनी ने चाल में ठुमका, प्रदीप सोनी लौट के आजा मेरे मीत, डाक्टर एनके माथुर न फूलों की रानी, भगवान सिंह ने नीले नीले अम्बर पे, शारदा ओझा ने जब जब बहार आई, प्रकाश सिंह पंवार ने तुम जो मिल गए हो, यादवेन्द्र शर्मा ने महबूबा ओ महबूबा, वेद प्रकाश शर्मा ने छू कर मेरे मन गीत प्रस्तुत कर बॉलीवुड के महान गायकों को याद किया। संचालन कृष्ण गोपाल पाराशर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रसिद्ध करवेत्ता निरंजन महावर, अरविंद शुक्ला, राजेंद्र सोनी, प्रीति जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की।

## महानाट्य 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन आज

**उदयपुर,** (कासं)। शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर एवं सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महानाट्य 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' का मंचन रविवार को किया जाएगा।

निदेशक फुरकान खान ने बताया कि माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाले मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के तहत नई दिल्ली से सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' महानाट्य प्रस्तुत किया जाएगा। यह महानाट्य महानायिका की 500 वीं जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि होगी। इस महानाट्य की संकल्पना एवं निर्देशन डॉ. विनोद नारायण इंदूरकर, अध्यक्ष सीसीआरटी, निमार्ण प्रमुख राजीव कुमार, निदेशक सीसीआरटी, लेखक जुलेशा सिद्धार्थ, सीसीआरटी अध्येता है। दर्पण सभागार शिल्पग्राम में रविवार सायं 7 बजे होने वाले इस महानाट्य में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। यह कहानी महान वीरांगना रानी दुर्गावती की है। रानी दुर्गावती ने साहस और कुशल नेतृत्व से मुगल साम्राज्य की ताकत का सामना किया।

# आयुष्मान आरोग्य वाउचर योजना हेतु कार्यशाला का आयोजन

## इस योजना में गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क एक सोनोग्राफी कराने की सुविधा मिल सकेगी

- प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को समय पूर्व नियंत्रित किया जा सकेगा

**ब्यावर,** (निसं)। जिला ब्यावर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य वाउचर योजना (मां वाउचर योजना) के तहत् डॉ. संजय गहलोत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में वर्तमान में पीसीपीएनडीटी के तहत् जिले में कियाशील समस्त सोनोग्राफी सेंटर की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें इस योजना से संबंधित सभी पोर्टल की जानकारी दी गई।

डॉ. संजय गहलोत द्वारा बताया गया कि पीसीटीएस पर पंजिकृत गर्भवती महिलाओं को एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी / तीसरी तीमाही में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में प्रतिमाह 09, 18 एवं 27 तारीख को आवश्यक जांचों के साथ-साथ एक निःशुल्क सोनोग्राफी जांच कराने के लिये क्यूआर कोड युक्त कूपन लाभार्थी के मोबाईल नं. पर जारी किया जायेगा। यह क्यूआर कोड उन संस्थानों द्वारा जारी किया जायेगा जहां सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं है।


स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में वर्तमान में पीसीपीएनडीटी के तहत् जिले में कियाशील समस्त सोनोग्राफी सेंटर की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आरसीएचओं डॉ. अमित वैष्णव ने बताया की इस योजना हेतु जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंन्टरों को उनकी सहमति प्राप्त कर जोड़ा जायेगा। इस योजना में गर्भवती महिलाओं को उनके क्षेत्र में निःशुल्क एक सोनोग्राफी कराने की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिये विभागीय पोर्टल पीसीटीएस, इम्पेक्ट, ओजस के माध्यम से सम्पूर्ण योजना संचालित होगी।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकेश कुमावत ने बताया की इस योजना द्वारा हाई रिस्क प्रेग्नेसी को जल्द पहचान कर इलाज हेतु उच्च संस्थान पर रेफर किया जा सकेगा। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकेगा एवं प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को समय पूर्व नियंत्रित किया जा सकेगा।

उक्त कार्यशाला में डॉ. हरीश कुमार उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनुशील व्यास, वरिष्ठ सहायक ओमप्रकाश टेपन, पीसीपीएनडीटी कोर्डिनेटर अजमेर, सुखपाल चौधरी डीएनओ अजमेर ने उक्त मां वाउचर योजना संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में जिले के 18 निजी सोनोग्राफी सेन्टर्स संचालको ने भाग लिया। कार्यशाला में डॉ सीपी सिंघल, डॉ राजीव जैन, डॉ जयनाराण माथुर, डॉ जितेन्द्र हरवानी, डॉ गुलशन मलिक आदि उपस्थित हुए।

## सार-समाचार

### हरियाली अमावस्या का मेला आज से

**उदयपुर,** (कासं)। लेकसिटी में फतहसागर की पाल से सहेलियों की बाड़ी तक लगने वाला हरियाली अमावस्या का मेला रविवार को लगेगा। दो दिवसीय इस मेले में बड़ी संख्या में गांव व शहरी क्षेत्र के लोग मेले का लुत्फ लेने पहुंचते है। 125 साल पुराने इस मेले का झील के भरने के खुशी में लगाया गया था जिसके बाद से यह अनवरत जारी है। इसमें मुख्यतः बात यह है कि मेले का दूसरा दिन महिलाओं के नाम रहता है और केवल महिलाएं ही इस मेले में आती है और दूसरे दिन पुरूष का प्रवेश वर्जित रहा है। हरियाली अमावस्या के मेले को लेकर शहर के सहेलियों की बाड़ी से यूआईटी पुलिया तक स्टॉल्स शनिवार को सज गई। रविवार को मेलार्थी मेले का आनंद लेंगे। मेलार्थियों को आकर्षित करने के लिए फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मेले का आगाज फतहसागर पाल से होकर देवाली छोर तक रहता है। रविवार अवकाश का दिन होने से इस मेले में इस बार अधिक संख्या में मेलार्थियों के पहुंचने की संभावना है। इधर, निगम सांस्कृतिक समिति अध्यक्षा चंद्रकला बोल्या ने बताया कि विश्व भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले हरियाली अमावस्या के मेले की तैयारियों का शनिवार को महापौर गोविंद सिंह टाक एवं उप महापौर पारस सिंघवी के निर्देश पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले में प्रवेश एवं प्रस्थान में किसी भी तरह से कोई समस्या ना रहे इस हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। 24 घंटे आपातकाल सेवाएं हेतु नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम एवं फतेह सागर पाल पर गोताखोरों को अलर्ट रखने के भी निर्देश दिए जिससे किसी भी आशंका से तुरंत निपटा जा सके। हरियाली अमावस्या मेले के दौरान फतेह सागर की पाल पर पश्चिमी सांस्कृतिक केंद्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, वही सोमवार को मेले के दूसरे दिन केवल महिलाओं का प्रवेश रहेगा।

### लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने लाखों का माल खरीद कर भुगतान नहीं करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिषा फास्फेट कंपनी उमरड़ा के अधिकृत प्रतिनिधी मनीष पुरोहित पुत्र कुंजबिहारी पुरोहित निवासी गणपति नगर बोहरागणेश प्रतापनगर ने दो अलग अलग मामले में आरोपी सिद्धार्थ जायसवाल पुत्र कैलाशचंद्र जायसवाल निवासी एसआर ट्रेडर्स बिसकोहर रोड़ ईटावा बाजार सिद्धार्थनगर यूपी के खिलाफ एवं जितेन्द्र कुमार शुक्ल पत्र शिव कुमार शुक्ल निवासी बरती बानसी मैन रोड़ सिद्धार्थनगर युपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी कंपनी कृषित खाद बनाने का काम करती है। आरोपी सिद्दार्थ को 18 लाख 56 हजार 583 रूपये का माल बेचा बदले में आरोपी ने चैक दिया जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादतिर हो गया। इसके बाद रूपयों की उगाही करने पर आरोपी ने केवल 2 लाख रूपये का भुगतान किया। शेष नकदी हडपी ली। संपर्क करने पर कोई संतोष प्रद जवाब नहीं दिया। इसी तरह जितेन्द्र को 19 लाख 21 हजार 156 रूपये का माल बेचा था। बदले में आरोपी ने चैक दिया जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। संपर्क करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। । नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी पियूष पुत्र बाबुलाल अहारी निवासी कातरवास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 9 मई 2024 को आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपने घर ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके चलते तीन माह का गर्भ हो गया। इसका पता चलने पर आरोपी ने मेरी पुत्री को घर से निकाल दिया। वहां से घर लौट कर परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### सरोवर से जलकुंभी निकालना शुरू

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर नगर पलिका ने जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार जलकुंभी निकालना शुरू किया। इसके लिए अजमेरसे टीम बुलाई गई। स्वास्थ्य निरीक्षक लोकेंद्रसिंह ने बताया पुष्कर नगर पालिका की ओर से एवं अजमेर की स्पेशल टीम के संयुक्त तत्वाधान में छोटी पुलीया के पास सिल्टडेम से बहकर आई जलकुंभी को निकलने का कर्य प्रारंभ करदिया है। 2 दिन पहले अजमेर जिला कलेक्टर ने पुष्करका दौरा करके स्थानीय प्रशासन को पुष्कर सरोवर के पवित्रता पर ध्यान देने के लिए पाबंद कियाथा इसके बाद से ही पालिका व स्थानीयप्रशासन ने पुष्कर सरोवर की पवित्रता के लिए कार्य शुरू कर दया है।

### ई-मित्र दुकान से नकदी चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के पाटिया थाना क्षेत्र में स्थित ईमित्र दुकान से चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित राजहंस पुत्र पन्नालाल कलाल निवासी कनबई पाटिया ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 1 अगस्त रात में आए चोर दुकान के पिछवाड़े में लगी जाली तोड़ अंदर घुस गल्ले में रखे 80 हजार रूपये चुरा ले गए। दूसरे दिन दुकान पर पहुंचने पर वारदात का पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

### प्रवेशोत्सव को लेकर बैठक

**डूंगरपुर,** (निसं)। विद्यालय प्रवेशोत्सव को लेकर बैठक को श्री गौरीशंकर उपाध्याय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय-डूंगरपुर में प्राचार्य लता भट्ट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी छात्रावास अधीक्षक गणमान्य नागरिकों के साथ विद्यालय प्रवेशोत्सव, उपस्थित एवं ठहराव, पौधरोपण और वर्तमान समय में बढती अपराध प्रवृत्तियों के रोकथाम के लिए चर्चा की गई।

### आईएएस अधिकारी पहुचे शाहपुरा

**शाहपुरा,** (निसं)। वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी ललित के पंवार शाहपुरा पहुंचे उनके द्वारा विश्व प्रसिद्ध शाहपुरा शैली फड़ पेंटिंग की गैलरी का अवलोकन किया। इस दौरान अंतराष्ट्रीय फड़ कलाकार शांति लाल जोशी, विजय जोशी , विवेक जोशी, अनुष्का जोशी, सहित पूरे परिवार से मिलकर शाहपुरा शैली फड़ के बारे में जानकारी प्राप्त की। आईएएस पंवार राजस्थान के 17 नवगठित जिले और 3 संभाग की समीक्षा संयोजक है।

### पालिका ने लगाए चेतावनी बोर्ड

**पुष्कर,** (निसं)। घाटों और बाजार में पालिका की ओर से खाद्य सामग्री बेचने वालो के लिए, एवम डालने वालो के लिए चेतावनी बोर्ड लगा दिए है। पानी में खाद्य सामग्री की वजह से हजारों मछलियां मौत के मुंह में समा गई थी। जिसके बाद अजमेर क्लकटर डॉक्टर भारती दीक्षित ने तीर्थ पुरोहित की मांग पर पुष्कर सरोवर का दौरा किया था। ओर खाद्य सामग्री को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए थे।

## डिस्कॉमकर्मी की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा-शाहपुरा मार्ग पर बीती रात टेंपो की टक्कर से बाइक सवार डिस्कॉमकर्मी की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मांडल चौकी पुलिस के अनुसार मालीखेड़ा, चमनपुरा निवासी सुरेश सिंह (30) पुत्र बंशी दरोगा, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड बनेड़ा में कार्यरत था। सुरेश सिंह बीती रात बनेड़ा से बाइक पर अपने गांव जा रहा था। कमालपुरा के पास मोड़ पर एक टेंपो ने सुरेश की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुरेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसने कुछ देर बाद ही दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम शनिवार को करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

NAME CHANGE
I, K RADHA is spouse of Army No. 15173110Y, Rank:- HAV(TA), Name:- ELIDANDLA RAMAMOHAN REDDY, Residing At Vill:- BOMMAKUNTAPALLI, Po:- B PAPPURU, Tehsil:- SINGANAMALA, Dist:- ANANTAPUR, State:- ANDHRA PRADESH, Pin:- 515425 have change my Name from K RADHA to ELIDANDLA RADHA vide Affidavit No. BW 247892 Dated 03/08/2024 before Court campus Nasirabad

NAME CHANGE
I, E LAKSHMIDEVI is Mother of Army No. 15173110Y, Rank:- HAV(TA), Name:- ELIDANDLA RAMAMOHAN REDDY, Residing At Vill:- BOMMAKUNTAPALLI, Po:- B PAPPURU, Tehsil:- SINGANAMALA, Dist:- ANANTAPUR, State:- ANDHRA PRADESH, Pin:- 515425 have change my Name from E LAKSHMIDEVI to ELIDANDLA LAKSHMAMMA vide Affidavit No. BW 247891 Dated 03/08/2024 before Court campus Nasirabad